दाई–दीदी क्लिनिक में निःशुल्क ईलाज कराकर महिलाएं स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले रही है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई–दीदी क्लिनिक में केवल महिलाओं का इलाज किया जाता है, जो अपने आप में एक मिसाल है। सभी प्रकार के इलाज, 18 प्रकार का निशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा वितरित की जाती है। वहीं जांच करने के लिए सब लोग पैथोलॉजी लैब में जाते हैं हजारों पैसा खर्च होता है, वह शासन द्वारा प्रदाय सुविधा के अनुसार सुगम–सुलभ निःशुल्क होता है। सुबह जांच करावो साम तक फोन के माध्यम से जानकारी मिल जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दाई–दीदी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने गए। निर्देश दिए की दाई–दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाने से पहले स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को पहले से सूचना देने के लिए कहे। जिससे सबको पता हो कि हमारे वार्ड में कहां पर दाई–दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल क्लिनिक लग रहा है। इससे अधिकतम लोगो को शासन के सुविधा का लाभ मिलेगा। आयुक्त पाण्डेय को बुर्जुग महिला प्रेमी भाई 62 वर्षीय कोसानाला में मिली उसका स्वास्थ्य खराब था, उसे दाई–दीदी क्लीनिक में ले जाकर जांच कराकर ईलाज करवाये और उसको घर तक छोड़े। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांन शर्मा जानकारी भी प्राप्त किए की दवाई बराबर आ रही कि नहीं। उन्होने बताया कि अभी पूरी दवाई मिल रही है हम सबको वितरित कर रहे हैं। कुछ ऐसे वृद्ध पुरुष जो बाकी जगह दवा नहीं ले पाते हैं इमरजेंसी में वह आ जाते हैं तो उन्हें भी उनकी स्थिति देखकर दवा दिया जाता है। क्योंकि बीपी एवं शुगर से संबंधित दवाइयां आवश्यक होती हैं उसे प्रदान किया जाता है। आयुक्त ने सभी को समय पर पहुंचकर लोगों से संपर्क करके अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित करने को कहे।